हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 1 जून 2026



तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

जिंदल विवि को मिला स्किल-बेस्ड एंड इंडस्ट्री-ड्रिवन एजुकेशन सम्मान





## खबर संक्षेप

### 7 से 19 जून तक रद्द की गई सभी ट्रेनें रिस्टोर

**रायगढ़।** बिलासपुर–झारसुगुड़ा सेक्शन के चांपा स्टेशन में चौथी रेल लाइन को जोड़ने हेतु 07 जून से 19 जून, तक नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य प्रस्तावित था। जिसे अब आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में इस कार्य के कारण पूर्व में 07 जून से 19 जून के मध्य रद्द की गई सभी यात्री एवं एक्सप्रेस गाड़ियां रिस्टोर कर दिया गया है। यानी पूर्व में रद्द की गई यह सभी ट्रेनें अब अपने निर्धारित मार्ग, समय एवं तिथियों पर सामान्य रूप से संचालित होंगी। बता दें कि पूर्व में इस नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से रायगढ़ रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली करीब तीन दर्जन गाड़ियों को रद्द कर दिया गया था। जिसमें पैसेंजर से लेकर एक्सप्रेस व सुपरफास्ट भी शामिल थे।

### 2 आरोपियों से 40 लीटर शराब जब्त

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ व खरसिया पुलिस ने अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई करते हुए 40 लीटर अवैध शराब जब्त करते हुए 2 कोचियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ पुलिस ने दुर्गापुर निवासी अनिल कुमार शर्मा के घर की बाड़ी में भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब जब्त किया है। आरोपी बाड़ी में शराब छिपा कर बेच रहा था। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और आरोपी अनिल कुमार शर्मा पिता कैलाश शर्मा 21 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से कुल 25 लीटर महुआ शराब जब्त की गई है। वहीं दूसरी कार्रवाई खरसिया पुलिस ने मालधक्का रोड में की है। यहां एक व्यक्ति को अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नाम मनोज धर्मा बताया। आरोपी के कब्जे से 15 लीटर शराब जब्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59(क) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

### एएसआई देव सेवानिवृत्त एसएसपी ने किया सम्मान

**रायगढ़।** पुलिस विभाग में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक देव प्रसाद चौहान अपनी अधिवर्षिकी आयु 62 वर्ष पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। अपने लंबे और उत्कृष्ट सेवा काल के दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न थानों में अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए पुलिस विभाग की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया।

देव प्रसाद चौहान का लंबा कार्यकाल रहा है, वे मार्च 1984 को जिला पुलिस बल में आरक्षक के पद पर भर्ती हुए। वे थाना कुनकुरी, बगीचा, थाना सारंगढ़, कोसीर,, थाना धरमजयगढ़, थाना कोतवाली, तमनार, पूंजीपथरा, जूटमिल, कोतरारोड एवं लैलूंगा में पदस्थ रहे। वर्तमान में वे थाना लैलूंगा में पदस्थ थे। सेवानिवृत्ति के अवसर पर थाना प्रभारी लैलूंगा उप निरीक्षक गिरधारी साव एवं थाना स्टाफ द्वारा उन्हें शाल, श्रीफल एवं स्मृति उपहार भेंट कर स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

### शिविर में वरिष्ठ और दिव्यांगों को मिला उपकरण

**रायगढ़।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखंडों में आयोजित शिविरों के माध्यम से समाज कल्याण विभाग रायगढ़ द्वारा वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जीने में सहायता प्रदान की जा रही है। विभाग की इस पहल से जरूरतमंद हितग्राहियों को न केवल दैनिक जीवन की कठिनाइयों से राहत मिल रही है, बल्कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी सीधे उनके घर.द्वार तक पहुंच रहा है। समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित शिविरों में वृद्धजनों की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सेटेबल वॉकिंग स्टिक वृद्धजन छड़ी का वितरण किया जा रहा है।

## प्राइमरी व मिडिल के 5 लाख किताबों का वितरण बाकी, 15 दिन में करना होगा पूरा

# पर्याप्त डीजल नहीं मिलने से सरकारी किताब वितरण में देरी, अब तक सिर्फ दो ही कक्षाओं की पहुंच पाई है पुस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वर्तमान में पाठ्य पुस्तक निगम से किताबों को वितरित करने में लगी गाड़ियों को पर्याप्त मात्रा डीजल नहीं मिलने की वजह से वितरण में विलंब हो रहा है। वहीं स्कूलों के पट खुलने में अब सिर्फ 15 दिन ही रह गए हैं, ऐसे में इतने कम समय में कक्षा 1 से 8वीं तक की करीब 5 लाख किताबों का वितरण करना शेष है। जबकि अब तक दो ही कक्षाओं, कक्षा 9वीं और 10वीं के 4 लाख 55 हजार किताबों को स्कूलों पर पहुंचाया जा चुका है।

इस संबंध में बताया गया कि वर्तमान में डीजल को लेकर काफी परेशानी हो रही है। हर पेट्रोल पंप में अलग-अलग मात्रा में डीजल मिल रहा है। जिसकी वजह से डीजल लेने के फेर में गाड़ियां गंतव्य तक विलंब से पहुंच रही हैं। पाठ्य पुस्तक निगम से निकलने वाली गाड़ियों को एक ही पेट्रोल पंप से पर्याप्त मात्रा में डीजल नहीं मिल पा रहा है। बताया जा रहा है कि एक पेट्रोल पंप से उन्हें करीब 2 हजार या 2.5 हजार रूपए का ही डीजल मिल पा रहा है, जिसकी वजह से चालकों को डीजल लेने के लिए कई बार रास्ते में रूकना पड़ता है, जिसमें काफी समय बर्बाद हो रहा है। जबकि पहले ऐसी स्थिति नहीं थी। ऐसे में मुख्य बात यह है कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत होने से पहले ही सारी किताबों को स्कूल तक पहुंचाना बड़ी चुनौती बन गई है।

पाठ्य पुस्तक निगम से मिली जानकारी के अनुसार अब तक कक्षा 9वीं और 10वी के कुल 7 विषयों की 4 लाख 55 हजार किताबों का वितरण पूर्ण कर लिया गया है, जिसमें रायगढ़ जिले के समस्त 7 विकासखंड़, सारंगढ-बिलाईगढ़ जिले के सारंगढ विकासखंड में और जशपुर जिले के जशपुर, फरसाबहार, बगीचा, दुलदुला और कांसाबेल में वितरण पूर्ण हो चुका है। किंतु अब तक सिर्फ दो ही कक्षाओं की किताबों वितरित की जा सकी हैं, जबकि अभी कक्षा पहली से आठवीं की सभी विषयों की किताबों का वितरण शेष है।



### मुख्य विषयों के साथ योगाभ्यास की भी किताबें

जानकारी के अनुसार समस्त कक्षाओं में उनकी मुख्य विषयों के साथ ही योगाभ्यास की भी किताबें शामिल हैं। इन सभी को मिलाकर कुल 5 लाख किताबों को वितरण बचा हुआ है। अहम बात यह है कि स्थानीय पाठ्य पुस्तक निगम के डिपो से ही रायगढ़, जशपुर व सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की किताबें भेजीं जाती है।

### इतने विषयों की किताबों का वितरण शेष

बताया जा रहा है कि कक्षा पहली और दूसरी में 3 विषय, कक्षा तीसरी और चौथी में 6 विषय, कक्षा पांचवीं में 4 विषय, कक्षा छठवीं व सातवीं में 9 विषय और कक्षा आठवीं में 7 विषयों की किताबों का वितरण करना है। इसके लिए अब सिर्फ 15 दिन ही शेष हैं।

### 15 जून से पहले वितरण

किताबों के वितरण के लिए निकली गाड़ियों को पर्याप्त डीजल नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण किताबों के वितरण में समय लग रहा है। हालांकि 15 जून से पहले तक सभी कक्षाओं की किताबों का वितरण पूर्ण कर लिया जाएगा।

**कौशलेंद्र शर्मा, डिपो प्रभारी, पाठ्य पुस्तक**

### अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**रायगढ़।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के आह्वान पर 31 मई अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग रायगढ़ द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डे केयर सेंटर सियान गुड़ी जतन केन्द्र परिसर से निकाली गई जागरूकता रैली के माध्यम से आमजन, बालक बालिकाओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को तंबाकू एवं धूम्रपान के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी देते हुए लोगों से धूम्रपान एवं अन्य नशे की आदतों से दूर रहने का आह्वान किया। वक्ताओं ने बताया कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की गंभीर बीमारियों सहित अनेक असाध्य रोगों का प्रमुख कारण है। साथ ही यह भी बताया गया कि धूम्रपान का दुष्प्रभाव केवल सेवन करने वाले व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसके आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डालता है।

## शराब के लिए नहीं दिया पैसा, कुल्हाड़ी से वार कर ले ली जान, आजीवन कारावास

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र में एक युवक ने मामूली विवाद के बाद एक अन्य युवक की हत्या कर दी थी। इस मामले में घरघोड़ा सत्र न्यायालय ने आरोपी युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड से भी दंडित किया है।

इस मामले का जानकारी देते हुए अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने बताया कि घटना ग्राम चिंगारी दर्रापारा की है, जहां आरोपी श्रवण कलंग ने जेठू राम कलंगा से ईट का पैसा ना देने की मामूली सी बात पर उसकी हत्या कर दी थी। मृतक के भाई हुलेश कलंगा ने लैलूंगा थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 25 अप्रैल 2021 को श्रवण कलंगा, जेठू राम के घर बार-बार आना जाना कर रहा था और पैसा मांग रहा था । जेठू राम ने उससे कहा कि वह उसके पैसे बाद में दे देगा, किन्तु अभियुक्त पैसे लेने के लिए अड़ा था। इसी बीच शाम साढे 7 बजे जेठू राम और श्रवण कुमार कलंगा के मध्य इसी बात को लेकर आपस में झगड़ा हुआ था। श्रवण कुमार कलंगा को शराब पीनी थी, इसलिए व जेठूराम से पैसे मांग रहा था, लेकिन जेठूराम ने उसे पैसे नहीं दिए। जिसके बाद वह अत्यधिक आक्रोशित हो गया और टांगी से जेठूराम के सीने में प्राण घातक हमला कर दिया, जिससे वह गिर पड़ा और छटपटाने लगा। जिसके बाद परिजन बुरी तरह से घायल जेठूराम को अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, किंतु इसी दौरान उसकी मृत्यु हो गई। जिसके बाद मृतक के भाई ने लैलूंगा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां श्रवण कलंग को जेठू राम कलंगा की हत्या का दोषी ठहराते हुए उसे धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा 1 हजार रूपए के अर्थ दंड से दंडित किया गया। वहीं न्यायालय ने ने मृतक के आश्रितों को विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से 1 लाख रूपए की क्षतिपूर्ति दिलाए जाने की अनुशंसा की है।

## ताइक्वांडो स्टेट रेफरी कोर्स एवं रिफ्रेशर सेमिनार का आयोजन



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो स्टेट एसोसिएशन द्वारा बिलासपुर के त्रिवेणी भवन, व्यापार विहार में 29 से 31 मई तक तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो स्टेट रेफरी कोर्स एवं रिफ्रेशर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में प्रदेश के विभिन्न जिलों बिलासपुर, रायपुर, बस्तर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (जीपीएम), रायगढ़, बालोद सहित अन्य जिलों से कुल 55 खिलाड़ियों और प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देने के लिए अंतरराष्ट्रीय रेफरी एवं कोच मास्टर सुंदरमणि पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विश्व ताइक्वांडो महासंघ के नवीनतम नियमों, तकनीकी बदलावों और रेफरी की जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी। इस आयोजन का संचालन छत्तीसगढ़ स्टेट ताइक्वांडो एसोसिएशन के महासचिव मास्टर रामपुरी गोस्वामी के नेतृत्व में किया गया। सेमिनार के दौरान रेफरी प्रशिक्षण के साथ-साथ पहले से प्रशिक्षित रेफरियों के लिए रिफ्रेशर कोर्स भी आयोजित किया गया।

## आंधी से सुभाष चौक में लगा होर्डिंग गिरा युवती घायल, सिर पर आई गंभीर चोटें



**रायगढ़।** शनिवार की शाम मौसम ने अचानक ऐसी करवट बदली कि पूरा शहर उसकी चपेट में आ गया। दिनभर की उमस भरी गर्मी के बाद तेज अंधड़, बारिश और आकाशीय बिजली ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं से जहां कई स्थानों पर होर्डिंग और फ्लैक्स धराशायी हो गए, वहीं बिजली के तार टूटने और ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने से शहर के बड़े हिस्से में घंटों अंधेरा छाया रहा। इसी बीच लाखों लोगों के मोबाइल फोन पर एक साथ आपदा चेतावनी संदेश पहुंचा, जिसने हालात की गंभीरता को और स्पष्ट कर दिया।

इस आंधी के दौरान शहर के सुभाष चौक के पास एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान के ऊपर लगा विशाल होर्डिंग तेज हवा के दबाव से गिर पड़ा। उसी समय स्कूटी से गुजर रही ममता दास इसकी चपेट में आ गईं। हादसे में उनके सिर पर गंभीर चोट आई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल राहत कार्य करते हुए उन्हें होर्डिंग के नीचे से बाहर निकाला और उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करीब 40 फीट लंबे और भारी लोहे के फ्रेम वाले इस होर्डिंग के गिरने से सड़क किनारे खड़े कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। कम से कम छह बाइक और स्कूटी को नुकसान पहुंचने की जानकारी सामने आई है। घटना के बाद कुछ समय तक यातायात भी प्रभावित रहा। इधर आकाशीय बिजली गिरने से कुछ ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे मरम्मत कार्य में अतिरिक्त समय लगा। बिजली बाधित होने का असर दूरसंचार सेवाओं पर भी पड़ा और कई मोबाइल टावरों की सप्लाई प्रभावित होने से इंटरनेट सेवा लगभग तीन घंटे तक बाधित रही। मौसम के बिगड़ते हालात के बीच शनिवार शाम रायगढ़ सहित सारंगढ़-बिलाईगढ़, कोरबा, महासमुंद, सक्ती, जांजगीर-चांपा और सरगुजा जिलों के लाखों मोबाइल फोन अचानक तेज वाइब्रेशन और अलर्ट टोन के साथ बज उठे। मोबाइल स्क्रीन पर फ्लैश हुए आपातकालीन संदेश में अगले तीन घंटों के भीतर तेज आंधी, बारिश, आकाशीय बिजली और तेज हवाओं की चेतावनी दी गई थी। फोन लॉक या साइलेंट मोड में होने के बावजूद यह संदेश सीधे स्क्रीन पर दिखाई दिया, जिससे हर व्यक्ति तक चेतावनी पहुंच सकी। बाजारों, कार्यालयों और घरों में मौजूद लोग अचानक आए इस अलर्ट से सतर्क हो गए।

### सेल ब्रॉडकास्ट तकनीक से भेजा गया संदेश

विशेषज्ञों के अनुसार यह संदेश सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम के माध्यम से भेजा गया था। यह ऐसी आधुनिक तकनीक है, जिसके जरिए किसी विशेष क्षेत्र में मौजूद सभी मोबाइल फोनों पर एक साथ आपातकालीन संदेश प्रसारित किए जाते हैं। इसका उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं से पहले लोगों को सतर्क कर जनहानि को कम करना है।

### बिजली और इंटरनेट सेवाएं हुईं प्रभावित

तेज आंधी के कारण कई स्थानों पर पेड़ और होर्डिंग बिजली लाइनों पर गिर गए। इसके चलते पंजरी प्लांट, अतरमुड़ा, कोतरारोड और स्टेशन चौक सहित कई फीडरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। शहर के अधिकांश हिस्सों में घंटों तक बिजली गुल रही। आलम यह रहा कि शाम से लेकर मध्य रात्रि करीब 2 बजे तक कई इलाकें में बिजली आपूर्ति बाधित रही।

### मौसम विभाग की चेतावनी

मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले तीन दिनों तक मौसम के बदले हुए मिजाज के बने रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार सक्रिय मौसमीय तंत्र के प्रभाव से वातावरण में नमी बढ़ी है, जिसके कारण कई जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज हो सकती है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। हालांकि बारिश के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका भी बनी हुई है।

## मेगा हेल्थ कैंप में 400 से अधिक पुलिसकर्मियों और परिजन की जांच

**रायगढ़।** पुलिस और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस शिविर में करीब 400 पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों ने स्वास्थ्य परीक्षण, विशेषज्ञ परामर्श, विभिन्न जांचों और निःशुल्क दवाइयों का लाभ लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रकाश मिश्रा, आईएम, अध्यक्ष डॉ. प्रभात पटेल, सचिव डॉ. राजकुमार गुप्ता तथा अन्य चिकित्सकों की उपस्थिति में किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि पुलिसकर्मियों की ड्यूटी का स्वरूप बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। लगातार व्यस्तता और अनियमित दिनचर्या के कारण वे अक्सर अपने स्वास्थ्य की अनदेखी कर देते हैं। ऐसे स्वास्थ्य शिविर गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान करने और उचित उपचार सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस अपने जवानों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को लेकर गंभीर है तथा भविष्य में भी इस तरह के आयोजन जारी रहेंगे। आईएमए अध्यक्ष डॉ. प्रभात पटेल ने बताया कि शिविर में मेडिसिन, सर्जरी, नेत्र रोग, ईएनटी, अस्थि रोग, त्वचा रोग, किडनी रोग, दंत चिकित्सा, बाल रोग, मनोरोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग सहित कई विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में ब्लड टेस्ट, ईसीजी, ईको, एक्स-रे और सोनोग्राफी जैसी महत्वपूर्ण जांचें निःशुल्क की गईं। जरूरतमंद मरीजों को आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। महिलाओं में बढ़ते सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर के मामलों को देखते हुए शिविर में मोबाइल कैंसर केयर एंबुलेंस की व्यवस्था की गई थी। इसके माध्यम से 30 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं की निःशुल्क जांच की गई।





## कार्यक्रम को लेकर किन्नरों के दो गुटों में विवाद, पहुंचे थाने

**रायगढ़।** कोतरा रोड थाना क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने की बात को लेकर किन्नरो के दो गुटों में विवाद खड़ा हो गया। इसमें से एक गुट पूर्व महापौर मधुबाई का भी था। विवाद के बाद दोनों पक्ष कोतरा रोड थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

बताया जा रहा है कि रविवार को एक कार्यक्रम में किन्नरों को बुलाया गया था, लेकिन इस दौरान मधुबाई और कुंती किन्नर दोनों गुट के सदस्य पहुंच गए। ऐसे में दोनों ही गुटों में कार्यक्रम में उन्हें बुलाए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। इस दौरान मधुबाई का गुट उन्हें बुलाए जाने का दावा करता नजर आया। वहीं कुंती के गुट में शामिल किन्नरों ने भी थी दवा किया । इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर काफी हंगामा भी हुआ। जिसके बाद दोनों ही पक्ष अपनी अपनी शिकायत लेकर कोतरा रोड थाने पहुंचा। जहां दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद पुलिस ने शिकायत ले ली। फिलहाल इस मामले में किन्नरों के जजमान से भी बयान लिया जाएगा, जिसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। इस संबंध कोतरा रोड थाना प्रभारी शील आदित्य सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में किन ग्रुप को बुलाया गया था, यह संबंधित जजमान से पूछताछ के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा, अभी फिलहाल दोनों पक्षों से शिकायत प्राप्त कर ली गई है। वहीं आगे की जांच जारी है।

### इधर खाद गोदामों में हो रहा जाम, बीज के लिए जगह नहीं

## खाद की तय लिमिट ने बढ़ाई किसानों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सहकारी समितियों में खाद वितरण की तय लिमिट ने किसानों की परेशानी बढा दी है। यदि छोटे किसान है तो उसे एक ही बार में खाद लेना होगा। मंझले केटेगरी के किसानों के दो और यदि बडे किसान हैं तीन बार में खाद लेना पडेगा।

दूसरी ओर बीते साल जो खाद वितरण हुआ था उसमें यूरिया का 80 और डीएपी का 60 फीसदी ही वितरण होगा। बाकी यूरिया का 20 और 40 प्रतिशत अन्य खाद से पूरी करने का निर्देश दिया जा रहा है। कुल मिलाकर किसानों को खाद मिलेगा, लेकिन जरुरत के मुताबिक नहीं। ऐसे में उनको निजी दुकानों पर निर्भर रहना पडेगा। दूसरी ओर बीज भंडारण की समस्या भी आ रही है। कारण समितियों के गोदामों में अभी खाद भरा है। ऐसे में बीज रखने की जगह नहीं है। हालात है कि कई समितियों में बीज पहुंचा नहीं है। इस बार खाडी क्षेत्र में चल रहे तनाव की वजह से खाद संकट का सामना करना पड सकता है। कारण आपूर्ति सीमित मात्रा में होने की जानकारी मिल रही है। इस वजह से शासन की ओर से ही लिमिट तय कर दी गई है। पहले कोई भी किसान कभी भी आकर खाद सहकारी समिति से ले सकता था, लेकिन इस बार लिमिट तय कर दिया गया है। छोट किसान को एक ही बार में खाद लेना पडेगा चाहे जरुरत हो या न हो। बडे किसानों को तीन बार में खाद दिया जाएगा। जिले में किसानों की संख्या की बात करें तो सात ब्लॉक में सीमांत किसानों की संख्या 91 हजार 252 है। इसर तरह लघु किसान 45 हजार 878 ओर दीर्घ याने बडे किसानों की संख्या 25 हजार 731 है। इसमें सबसे बडी दिक्कत किसानों को यूरिया और डीएपी की सीमित मात्रा को लेकर हो रही है।



### इस साल ऐसे होगा खाद वितरण

पहले पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण होता था। तब सभी किसानों को सभी खाद पर्याप्त मात्रा में मिलता था, लेकिन इस साल काफी दिक्कत होगी। खाद की कम आपूर्ति की वजह से यूरिया और डीएपी को लेकर एक लिमिट तय कर दी गई है। बीते साल याने 2025 में किसानों को जितनी यूरिया खाद वितरण किया गया था इस साल उसमें 80 फीसदी करना है। इसी तरह बीते साल जितनी डीएपी खाद वितरण किया गया था उसमें केवल 60 फीसदी खाद वितरण किया जाएगा। बाकी 20 और 40 प्रतिशत खाद की पूर्ति अन्य वैकल्पिक खाद से की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## अनुशासनहीन पांच आरक्षकों पर गिरी गाज

**जशपुरनगर।** जिले के पुलिस कप्तान डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह ने कर्तव्य के प्रति घोर अनुशासनहीनता, उदासीनता एवं स्वेच्छाचारिता बरतने वाले जिले के पांच आरक्षकों के विरुद्ध विभागीय जांच के उपरांत अंतिम आदेश पारित किया। जिसमें से तीन आरक्षक संतोष कुमार राम, आरक्षक नेल्सन तिग्गा को लंबे समय से गैर हाज़िर रहने पर सेवा से पृथक तथा आरक्षक इरीमियस कुजूर को एक वेतन वृद्धि के बराबर धनराशि की कमी संचयी प्रभाव से आरक्षक बिंदेश्वर राम को आरक्षक के न्यूनतम वेतनमान में जिसका प्रभाव भविष्य के वेतन वृद्धि एवं पेंशन पर भी पड़ेगा के दण्ड से दंडित किया है। मामले में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा अनुशासन हीनता, उदासीनता स्वेच्छाचारिता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे पुलिस कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई जारी रहेगी।

## सड़क मरम्मत कार्य के चलते कन्हाईबंद अंडरब्रिज बंद

**जांजगीर-चांपा।** कन्हाई बंद रेल अंडरब्रिज में सड़क मरम्मत एवं अन्य कार्य प्रगति पर है। जिसके कारण 31 मई तक अंडरब्रिज बंद रहेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत जांजगीर नैला–कापन स्टेशनों के मध्य किमी 677/31-678/01 में स्थित कन्हाई बंद रेल अंडरब्रिज पर सड़क आवागमन को और अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से सड़क मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। उक्त कार्य के फलस्वरूप इस रेल अंडरब्रिज को दिनांक 10 मई से 25 मई तक सड़क यातायात के लिए पूर्णतः बंद रखा गया था। किन्तु कार्य के दौरान कुछ अतिरिक्त तकनीकी कार्य जुड़ जाने के कारण अब इस रेल अंडरब्रिज को सड़क यातायात हेतु 31 मई तक पूर्णतः बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

## उत्कर्ष योजना के अंतर्गत कक्षा 6वीं की प्रवेश प्रक्रिया स्थगित

**सक्ती।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के अंतर्गत ग्रामीण प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को राज्य के उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश दिलाने हेतु आयोजित की जाने वाली प्रवेश प्रक्रिया को वर्तमान सत्र 2026-27 के लिए स्थगित कर दिया गया है। आदिवासी विकास विभाग जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2025-26 में योजना अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 26 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। किन्तु वर्तमान में संस्था इम्पैनलमेंट एवं प्रवेश प्रक्रिया में विलंब होने के कारण प्रवेश प्रक्रिया को फिलहाल स्थगित किया गया है। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों एवं पालकों को सूचित किया गया है कि लिखित परीक्षा के संबंध में आवेदन जमा न करें। शासन से दिशा-निर्देश प्राप्त होने के बाद पृथक से सूचना जारी की जाएगी।

## हल्का कार्यालय में नजर नहीं आते पटवारी, चक्कर काट रहे किसान

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के पटवारी हल्का नंबर 9 पटवारी कार्यालय से पटवारी हमेशा नदारद रहते है। इसके चलते किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि सक्ती जिला के जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत तहसील न्यायालय हसौद के हल्का नंबर 9 ग्राम पंचायत किकिरदा में पदस्थ हल्का पटवारी अपने कार्यालय से हमेशा नदारद रहते हैं। जिसके कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में किसानों ने बताया कि ग्राम पंचायत किकिरदा के पटवारी अपने कार्यालय से हमेशा गायब रहते हैं और उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर फोन नहीं उठाते हैं। इसके चलते किसानों को बार-बार पटवारी कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। जिम्मेदार राजस्व विभाग के अधिकारियों को किसानो की परेशानियों से कोई लेना देना नहीं है। किसान सहित जरुरी काम से पटवारी कार्यालय पहुंचे लोगों का कहना है कि पटवार का महीना में एक या दो दिन दर्शन हो जाते तो बहुत है।

### प्रधानमंत्री के मन की बात में गूंजा छत्तीसगढ़ का गौरव

# मुख्यमंत्री ने कहा: यह प्रदेश की प्रतिभा और विरासत को राष्ट्रीय सम्मान मिलने का क्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को राजधानी रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और आमजनों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 134वीं कड़ी का श्रवण किया। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज का 'मन की बात' छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत गर्व, प्रेरणा और आत्मविश्वास का क्षण बन गया, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय मंच से प्रदेश की प्रतिभा और सांस्कृतिक धरोहर दोनों का उल्लेख कर पूरे छत्तीसगढ़ का सम्मान बढ़ाया है।

■ मोदी ने युवा धावक अनिमेष की ऐतिहासिक उपलब्धि किया उल्लेख

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जब देश का सर्वोच्च नेतृत्व किसी राज्य की उपलब्धियों और प्रतिभाओं का उल्लेख करता है, तो वह केवल व्यक्तियों का सम्मान नहीं होता, बल्कि करोड़ों प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं, परिश्रम और पहचान को राष्ट्रीय प्रतिष्ठा मिलती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 'मन की बात' आज देश के सकारात्मक प्रयासों, नवाचारों, प्रतिभाओं और प्रेरक जीवन यात्राओं को राष्ट्रीय पहचान देने वाला एक सशक्त मंच बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जशपुर जिले के छोटे से गांव घुइटांगर से निकलकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले युवा धावक अनिमेष कुजूर की उपलब्धि का उल्लेख कर प्रदेश के युवाओं को यह संदेश दिया है कि सीमित संसाधन किसी प्रतिभा की उड़ान को रोक नहीं सकते।

**खिलाड़ियों से फोन पर संवाद**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में अनिमेष कुजूर और गुरिंदरवीर सिंह की उपलब्धि को जिस आत्मीयता और प्रेरक शैली में प्रस्तुत किया, वह देश के युवाओं में नई ऊर्जा भरने वाला है। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान दोनों खिलाड़ियों से फोन पर संवाद करते हुए उल्लेख किया कि पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में महज दो दिनों के भीतर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तीन बार टूटा और इसे उन्होंने खेलों में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का अद्भुत उदाहरण बताया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह केवल रिकॉर्ड टूटने की कहानी नहीं, बल्कि भारतीय युवाओं के आत्मविश्वास, अनुशासन और विश्वस्तरीय सोच की कहानी है।

**अनिमेष बनाया नया रिकॉर्ड**

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा धावक अनिमेष कुजूर ने 100 मीटर दौड़ मात्र 10.15 सेकंड में पूरी कर नया रिकॉर्ड स्थापित किया है और राष्ट्रमंडल खेल 2026 के लिए क्वालीफाई कर प्रदेश तथा देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि अनिमेष की यात्रा विशेष रूप से प्रेरणादायक है, क्योंकि जशपुर के ग्रामीण परिवेश से निकलकर सैनिक स्कूल अंबिकापुर से शिक्षा प्राप्त करने वाले इस युवा ने सीमित परिस्थितियों में अपनी मेहनत, अनुशासन और परिवार के सहयोग के दम पर विश्वस्तरीय मंच तक पहुंचने का सफर तय किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनिमेष की उपलब्धि यह साबित करती है कि छत्तीसगढ़ की धरती प्रतिभाओं से परिपूर्ण है और उचित अवसर मिलने पर यहां के युवा विश्व पटल पर अपनी पहचान स्थापित कर सकते हैं।

**प्रदेश सरकार कर रही कार्य**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में खेल भावना का अत्यंत प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए यह संदेश दिया कि प्रतिस्पर्धा केवल एक-दूसरे को पीछे छोड़ने के लिए नहीं, बल्कि देश का मान बढ़ाने के लिए होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा कही गई यह बात कि "एक-दूसरे को चुनौती भी देना है, आगे निकलने का प्रयास भी करना है और साथ ही एक-दूसरे की मदद के लिए भी खड़े रहना है" वास्तव में भारत की नई खेल संस्कृति की पहचान है।

## आमदनी छिपाकर बनवाया आय प्रमाण पत्र, शिक्षक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



■ गरीब एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों के अधिकारों का किया हनन

जिले में शिक्षा के क्षेत्र में संचालित शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का दुरुपयोग करने वाले एक आरोपी शिक्षक के विरुद्ध जशपुर जिले के पुलिस कप्तान डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देश पर पत्थलगांव पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। प्रार्थी ददिबल प्रसाद विश्वकर्मा, उम्र 43 वर्ष, निवासी शांति नगर कांसाबेल ने थाना पत्थलगांव में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी चमर साय पैकरा, निवासी ग्राम जामझोर, तहसील पत्थलगांव, जो कि शासकीय शिक्षक है, ने अपनी वास्तविक आय को छुपाते हुए मात्र 75 हजार वार्षिक आय दर्शाकर आय प्रमाण पत्र बनवाया तथा मिथ्या शपथ पत्र प्रस्तुत कर अपनी पुत्री को पंडित जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6वीं में निःशुल्क अध्ययन हेतु प्रवेश दिलाया।

शिकायत की जांच के दौरान पत्थलगांव पुलिस द्वारा संबंधित दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त वेतन संबंधी अभिलेखों में आरोपी की वार्षिक आय लगभग 6,79,471 पाई गई। वहीं आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी ने स्वयं को कृषक बताते हुए वास्तविक आय छुपाकर गलत जानकारी प्रस्तुत की और शासकीय योजना का अनुचित लाभ प्राप्त किया।

आरोपी के विरुद्ध थाना पत्थलगांव में अपराध क्रमांक 55/2026 अंतर्गत धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। विवेचना के दौरान आरोपी के विरुद्ध अपराध प्रमाणित पाए जाने पर विधिसम्मत कार्यवाही करते हुए दिनांक 30 मई को दोपहर 12:10 बजे आरोपी चमर साय पैकरा उम्र 41 वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

## टेम्पू शिविर में जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को वितरण की सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



विधायक रायमुनि भगत ने मनोरा विकासखंड के ग्राम टेम्पू विगत दिवस 30 मई को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुई शिविर में 13 ग्राम पंचायत के ग्रामवासी शामिल हुए। अधिकारियों ने विभिन्न विभाग से विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में कुल 534 विभिन्न विभाग के आवेदन प्राप्त हुए।

सांकेतिक रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आवास की चाभी 5 व्यक्तियों को दिया गया। कृषि विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा जाति प्रमाण पत्र, बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रदाय किया। उद्यान विभाग द्वारा फलदार पौधे वितरण किए गए। वन विभाग द्वारा पौधे वितरण किए गए। महिला एवम् बाल विकास विभाग के द्वारा गर्भवति महिलाओं का गोद भराई रस्म एवं छोटे बच्चों को अन्न प्राशान का कार्यक्रम कराया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शांति भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष परमेश्वर भगत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हैप्पी कमल कुजूर, पंकज कुमार जायसवाल, जनपद सदस्य सलमा भगत, जगपति, पूर्व जनपद अध्यक्ष गोविंद राम भगत, अध्यक्ष रजनति भगत, सरपंच टेम्पू पुष्पा भगत, सम्मिलित सभी तेरह ग्राम पंचायत के सरपंच एसडीएम जशपुर विश्वास राव मस्के मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनोरा रघुनाथ राम और बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## नगर पालिका के वार्ड नंबर 8 एवं 14 उपचुनाव के लिए मतदान दल रवाना

**जशपुरनगर।** नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 8 एवं 14 में होने वाले उपचुनाव के लिए आज स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय जशपुरनगर से तीन मतदान दलों को रवाना किया गया। रिटर्निंग अधिकारी एवं अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू की उपस्थिति में मतदान दल आवश्यक निर्वाचन सामग्री एवं सुरक्षा व्यवस्था के साथ अपने गंतव्य मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुएं। इस अवसर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) एवं एसडीएम जशपुर विश्वास राव मस्के, सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय तथा सहायक अधीक्षक राजेंद्र चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## शराब पीकर वाहन चलाना पड़ा महंगा, 18 हजार का जुर्माना

**जांजगीर-चांपा ।** शराब पीकर वाहन चलाना माजदा चालक को महंगा पड़ गया। यातायात पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव पर कार्रवाई करते हुए माजदा चालक को पकड़कर न्यायालय में पेश किया। कोर्ट से ड्राइवर को 18 हजार रुपए का जुर्माना किया गया।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने जिले में पुलिस द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार जांच और कार्रवाई की जा रही है। विशेष अभियान के तहत 29 मई को वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक मजदा वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते हुए जा रहा था। मौके पर निरीक्षक सुभाष चौबे यातायात अपने टीम के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। शराबी वाहन चालक को देखकर निरीक्षक द्वारा माजदा वाहन के चालक को पकड़ा गया। माजदा चालक द्वारा शराब पीकर, बिना लायसेंस के तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के कारण उसके खिलाफ कार्रवाई की गई। वाहन को जप्त चालक के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई के उपरांत न्यायालय द्वारा चालक को 18 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ड्रिंक एंड ड्राइव न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि स्वयं एवं अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं के जीवन को गंभीर खतरे में डालने वाला कृत्य भी है। ऐसे मामलों में आगे भी निरंतर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। यातायात पुलिस सभी वाहन चालकों से अपील करती है कि शराब या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाएं।वहीं सड़क दुर्घटना में कमी लाने और सुव्यवस्थित यातायात के लिए नाबालिक को वाहन चलाने न देने, मोटर सायकल में ट्रिपल सवारी नहीं चलाने, यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करने, कार में सीट बेल्ट एवं बाइक में हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, सुरक्षित गति से वाहन चलाकर स्वयं तथा दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

## कृषि केन्द्रों का औचक निरीक्षण, ढाई हजार बोरी से अधिक खाद जब्त

**जांजगीर-चांपा ।** जिले के खाद दुकानों में औचक निरीक्षण की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में उर्वरक निरीक्षकों की टीम ने निजी कृषि केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान दो जगहों से 26 सौ 38 बोरी रसायनिक खाद की जब्ती बनाई गई।

शनिवार 30 मई को उर्वरक निरीक्षकों के दल ने थोक विक्रेता मेसर्स दिशा सेल्स चांपा में रासायनिक उर्वरकों के भण्डारण एवं वितरण में अनियमितता पाये जाने पर उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के तहत 1150 बोरी एनपीके एसएसपी (दानेदार) 428 बोरी, एसएसपी (पावडर) 630 बोरी एवं जिंकेटेड एसएसपी 98 बोरी उर्वरक पर विक्रय प्रतिबंध एवं जब्ती की कारवाई की गई। तत्पश्चात ग्राम पिसौद विकासखण्ड बलौदा में राजकुमार साहू कृषि केन्द्र में झापेमार कारवाई करते हुये यूरिया 98 बोरी, जिंकेटेड एसएसपी 94 बोरी, ट्रिपल सुपर फास्फेट के 70 बोरी, एवं एनपीके का 70 बोरी उर्वरकों का अवैध भण्डारण पाये जाने पर जब्ती करते हुये विक्रय प्रतिष्ठान को सीलबंद की कारवाई की गई। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में किसानों को खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, कालाबाजारी एवं उर्वरकों के वितरण में अनियमितता को रोकने हेतु कृषि विभाग सतत रूप से जिले के सभी सहकारी एवं निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रो का निरीक्षण करते हुये कारवाई कर रही है।



**अफसरों ने दी दबिश, 622 बोरी खाद जब्त**

**सक्ती।** किसानों को उच्च गुणवत्ता युक्त खाद एवं कीटनाशक उपलब्ध कराने तथा जिले में नकली खाद निर्माण, खाद की कालाबाजारी एवं निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बिक्री करने वाले व्यापारियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला एवं विकासखंड स्तरीय टीम द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। मेसर्स सूर्य ट्रेडर्स, ग्राम कांशीगढ़ , देवांगन कृषि केंद्र रायपुरा तथा महमाया ट्रेडर्स रायपुरा के विक्रय स्थल एवं गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फर्म संचालकों द्वारा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित संस्थानों को जप्ती एवं स्पष्टीकरण जारी किया गया। कृषि विभाग के उप संचालक तरुण कुमार प्रधान के मार्गदर्शन में जिला नोडल अधिकारी सुमान सिंह पैकरा, तहसीलदार जैजैपुर विद्याभूषण साव, उर्वरक निरीक्षक कृष्णा सिंह पैकरा एवं भरतलाल प्रधान द्वारा निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान कांशीगढ़ स्थित मेसर्स सूर्य ट्रेडर्स के उर्वरक विक्रय लाइसेंस में दर्ज गोदाम के बजाय संचालक के निवास स्थल पर अवैध रूप से एसएसपी की 622 बोरी एवं डीएपी की 10 बोरी उर्वरक का भंडारण पाया गया।

## कोटवार हत्याकांड का फरार आरोपी गिरफ्तार

**मालखरौदा ।** गोरखपाली चर्चित कोटवार हत्या कांड के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में एक आरोपी और दो नाबालिग को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

गौरतलब है कि ग्राम गोरखापाली में 4 मार्च की सुबह डबरी तालाब के पास आनंद राम कुर्रे और कोटवार रथ राम गोंड खडे थे। इसी दौरान सुकदेव कुर्रे एवं 2 विधि से संघर्षरत बालक के द्वारा हाथ में लकड़ी का बल्ली, कांड. लेकर आए और पुरानी रंजिश की बात को लेकर आनंद राम कुर्रे के साथ मिलकर कोटवार रथराम गोंड़ को गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। लकड़ी का बल्ली और कांड से हमला करते हुए कोटवार की हत्या कर दी। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण में आरोपी आनंद राम कुर्रे को 8 मार्च को मालखरौदा से गिरफ्तार किया गया। वहीं वारदात में शामिल 2 विधि से संघर्षरत बालकों को भी पकड़कर 9 मई को पकड़ा गया। मामले में एक आरोपी सुकदेव कुर्रे फरार हो गया था। आरोपी को गिरफ्तार करने एसपी ने सख्त निर्देश



दिए थे। जिसके परिपालन में आरोपी की सतत पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान 30 मई को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी सुकदेव कुर्रे को ग्राम गोरखापाली में आया है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सुकदेव कुर्रे को पकड़ लिया। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस ने ग्राम गोरखापाली निवासी 32 वर्षीय सुकदेव कुर्रे को धारा 296, 351(3), 115(2), 109(1), 103(1) , 3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रवीण राजपूत, सहायक उप निरीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक दामोदर जयसवाल, पुष्पेंद्र कंवर, आरक्षक सेतराम पटेल का योगदान रहा।

### जनगणना-2027 का प्रथम चरण सफलतापूर्वक संपन्न

# जिले में मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



भारत की जनगणना-2027 के अंतर्गत जिले में प्रथम चरण का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। यह राष्ट्रीय अभियान केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश और राज्य के भविष्य के विकास की मजबूत नींव तैयार करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। जनगणना के माध्यम से यह समझने में सहायता मिलती है कि समाज के विभिन्न वर्गों तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ किस स्तर तक पहुंच रहा है तथा भविष्य की योजनाओं के निर्माण के लिए आवश्यक आधारभूत जानकारी उपलब्ध होती है। भारत की जनगणना-2027 का कार्य छत्तीसगढ़ राज्य में दो चरणों में संपादित किया जा रहा है। प्रथम चरण के अंतर्गत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई 2026 से प्रारंभ होकर 30 मई 2026 को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। जबकि द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना का कार्य फरवरी 2027 में संपादित किया जाएगा। प्रथम चरण के दौरान तैयार की गई मकानसूची भविष्य में होने वाली जनसंख्या गणना के लिए आधार तैयार करेगी, जिससे कोई भी मकान अथवा परिवार गणना से वंचित न रह जाए। प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर रोहित व्यास ने जनगणना-2027 के प्रथम चरण के सफल संचालन पर जिले के समस्त नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के अभियान में जिलेवासियों का सहयोग सराहनीय रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि फरवरी 2027 में आयोजित होने वाले जनसंख्या गणना के द्वितीय चरण में भी नागरिक इसी प्रकार सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अभियान को सफल बनाएंगे। जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के संचालन हेतु 11 ग्रामीण चार्ज एवं 5 नगरीय चार्ज बनाए गए थे।

■ फरवरी 2027 में होगा जनसंख्या गणना का दूसरा चरण

## जेडी हेल्थ देर रात पहुंचे सीएचसी बतौली और पीएचसी लुंड्रा

**अम्बिकापुर।** संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने बीती रात जिले के बतौली और लुंड्रा के अस्पतालों के निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों के अनुपस्थित रहने को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल के वार्ड में साफ सफाई की कमी को लेकर नाराजगी व्यक्त की।

बताया जा रहा है कि संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला 29 मई की रात 10 बजे जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लुंड्रा पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के वार्डों का निरीक्षण किया और वार्डों में गंदगी पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की। वहीं सुरक्षा गार्ड की कमी को लेकर उन्होंने सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था जीवन दीप से रखने हेतु निर्देशित किया। आयुष्मान कार्ड के संबंध में चर्चा किया गया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के काउंसलिंग हेतु निर्देशित किया गया। जेडी ने उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया, इस दौरान अनुपस्थित फार्मासिस्ट आयुष जन्मती सिदार 1 दिवस, वार्ड बॉय अरुण कुमार को दो दिन गायब रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उन्होंने नोटिस का जवाब सन्तोषनजक नहीं होने पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके पहले जेडी डॉ. शुक्ला रात 9.5 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में महिला और पुरुष मरीजों को निर्धारित वार्ड में ही भर्ती करने का निर्देश दिया।



# 'राख' में पुलिस वर्दी में रौब जमाएंगे अली फजल

**मुंबई।** अली फजल की फिल्म 'मिर्जापुरः द मूवी' का इंतजार लोग बेसब्री से कर रहे हैं। इससे पहले अभिनेता अपनी नई सीरीज 'राख' के जरिए दर्शकों को तोहफा देने आ रहे हैं, जिसमें सोनाली बेंद्रे भी हैं। इसका निर्देशन प्रोसित रॉय ने किया है, जिन्हें 'पाताल लोक' जैसी चर्चित सीरीज के लिए जाना जाता है। लेखन व सह-निर्देशन अनुषा नंदकुमार और संदीप साकेत ने मिलकर किया है। 'राख' के पोस्टर में अली पुलिस की वर्दी पहने जांच अधिकारी के किरदार में नजर आ रहे हैं। इसकी कहानी भी उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है जो 2 लापता किशोरों की तलाश में जुटा हुआ है। इस घटना ने पूरे शहर में दहशत फैला दी है।

लाइफ Style



# किआरा

## 'टॉक्सिक' ने जिंदगी में किए ये खास बदलाव

एजेंसी ▶▶ मुंबई

किआरा आडवाणी फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी। उनका कहना है कि इस फिल्म ने प्यार को देखने के उनके निजी नजरिए को ही बदल दिया है। इस फिल्म में किआरा 'नादिया' नाम का एक किरदार निभा रही हैं, जो आजाद खयालों वाली और किसी पर निर्भर न रहने वाली लड़की है।

किआरा ने बताया, 'टॉक्सिक' के साथ मुझे लगता है कि यह लड़का-लड़की के रिश्तों को देखने का हमारा तरीका ही बदल देता है। सच कहूं तो, जब गीतू मोहनदास ने मुझे इसकी कहानी सुनाई, तब मुझे यह समझने में थोड़ा वक्त लगा कि ठीक है, यह भी सामान्य है। भले ही यह शायद सीधा-सरल न हो, या हमारे पारंपरिक सोच से हटकर हो, लेकिन प्यार में भी एक खास तरह की आजादी होती है।' यह कहानी रिश्तों को ऐसे दिखाती है, जो हमेशा सही या गलत के दायरे में नहीं आते, फिर भी उनमें एक तरह की मुक्ति का अहसास होता है। 'टॉक्सिक' की शूटिंग करना किआरा के लिए आसान नहीं था। उन्हें हर सीन को दो बार शूट करना पड़ा था, एक बार अंग्रेजी में और एक बार कन्नड़ में। किआरा को हर रात नए संवाद याद करने पड़ते थे, जिससे यह काम काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता था। इस फिल्म में नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वासंथ जैसे सितारे भी हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज (जो पहले 4 जून को होने वाली थी) कई बार टल चुकी है, फिर भी किआरा को भरोसा है कि वह जल्द ही दर्शकों के साथ प्यार के इस अनोखे नजारे को साझा कर पाएंगी।

हॉलीवुड मसाला




# टॉय स्टोरी-5 रिलीज होगी 19 जून को

**लॉस एंजिल्स।** 'टॉय स्टोरी 5' 19 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है और उम्मीद है कि यह अब तक की सबसे भावुक फिल्म होगी। वुड्डी का किरदार निभाने वाले टॉम हेंक्स ने लंदन में फिल्म के लॉन्च के दौरान बताया कि एक ऐसा सीन है, जिसमें एक छोटी लड़की को बुरे मैसेज मिलने पर चोट पहुंचती है और यह सीन इस पूरी सीरीज के सबसे ज्यादा भावुक पलों में से एक है। फिल्म की कहानी करती है इस चीज की पड़ताल इस बार कहानी गहराई से पड़ताल करती है कि तकनीक बच्चों को कैसे प्रभावित करती है।



# 'टैट्स फिंके डेजर्ट रेस' पर ला रहे हैं तूफानी फिल्म...

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस हेम्सवर्थ जल्द ही एक नई फिल्म में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म ऑस्ट्रेलिया की एक बेहद मशहूर और मुश्किल मोटरस्पोर्ट प्रतियोगिता टैट्स फिंके डेजर्ट रेस पर आधारित होगी। इस फिल्म को 'वाइल्ड स्टेट प्रोडक्शंस' बना रही है, जिसकी शुरुआत क्रिस ने अपने दोस्त बेन ग्रैसन के साथ मिलकर की थी। फिल्म ऑस्ट्रेलिया के नॉर्दर्न टेरिटरी में होने वाली इस दो दिवसीय ऑफ-रोड रेस के जबरदस्त रोमांच को दर्शकों तक पहुंचाएगी। फिंके डेजर्ट रेस बेहद खतरनाक और मुश्किल मानी जाती है। यह कमजोर दिल वालों के लिए बिल्कुल नहीं है। क्रिस का ऑफ-रोड रेसिंग से गहरा जुड़ाव रहा है और वह इस एड्रेनालिन से भरे अनुभव को दुनिया भर के दर्शकों के साथ बांटना चाहते हैं।



# पिता के संदेश ने छुड़वाई शराब की लत...

**मुंबई।** पूजा भट्ट ने हाल ही में बताया कि साल 2014 में उनकी शादी के एक मुश्किल दौर में शराब के साथ उनका संघर्ष शुरू हुआ था, लेकिन असली बदलाव दिसंबर, 2016 में आया। तब उनके पिता महेश भट्ट ने उन्हें एक बहुत ही सीधा और असरदार संदेश भेजते हुए लिखा था, 'अगर तुम मुझसे प्यार करती हो, तो खुद से प्यार करना सीखो, क्योंकि मैं तुममें रहता हूं।' इसी संदेश के बाद पूजा ने हमेशा के लिए शराब छोड़ दी और खुद से प्यार करने पर ध्यान देना शुरू किया। पूजा शराब छोड़ने की सालगिरह को खुद की देखभाल के रूप में हैं मनाती है। उस दिन से पूजा ने शराब पीना छोड़ दिया है और वह हर सालगिरह को आत्म-देखभाल के उत्सव के तौर पर मनाती हैं। वह बताती हैं कि दोस्तों का दबाव झेलना पड़ा, खासकर जन्मदिन और सालगिरह पर।



# देव पटेल ने पूरी की द पीजेंट की शूटिंग

**मुंबई।** देव पटेल ने अपनी हालिया फिल्म 'द पीजेंट' की शूटिंग पूरी कर ली है। इस प्रोजेक्ट में वे निर्देशन के साथ-साथ मुख्य भूमिका भी निभा रहे हैं। 14वीं सदी के बदले की यह कहानी ए24 प्रोडक्शन हाउस की पहली ऐसी फिल्म है, जिसकी शूटिंग भारत में हुई है। इसे महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान जैसे कई राज्यों में फिल्माया गया है। साल 2024 में आई उनकी फिल्म 'मंकी मैन' के बाद यह देव का दूसरा निर्देशन है। 'द पीजेंट' को देव और विल डन ने मिलकर लिखा है। यह कहानी एक ऐसे चरवाहे की है, जो अपने गांव को तबाह करने वाले भाड़े के सैनिकों से बदला लेना चाहता है। इसमें आपको 'ब्रेवहार्ट', 'जॉन विक' और 'किंग आर्थर' जैसी फिल्मों का मिला-जुला अंदाज दिखेगा।

टीवी मसाला




# नागिन 7 में इंतकाम की रात ड्रैगन का खात्मा करेंगी 3 नागिन

**मुंबई।** नागिन फ्रेंचाइजी के फैंस की एक्साइटमेंट पीक पर है। सीजन 7 क्लाइमैक्स की ओर है। 7 जून को शो ऑफएयर होगा। इससे पहले टीवी क्वीन एकता कपूर ने शो को लेकर बज क्रिएट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। फिनाले से पहले नागिन 7 में ढेरों ट्विस्ट एंड टर्न्स आ रहे हैं। धीरे-धीरे नागलोक के सभी राज खुल रहे हैं। नया प्रोमो सामने आया है जिसमें धमाकेदार फिनाले की झलक दिखी है।

***तीन नागिन एक साथ आएंगी इंतकाम लेने :*** अगले माह 6-7 जून को नागिन सीजन 7 का महाएपिसोड आएगा. नागिन अनंता और ड्रैगन राधिका के बीच छिड़े संग्राम ने पूरे नागलोक पर कहर बरपा रखा है। 6-7 जून कयामत की रात होगी। ड्रैगन से निपटने के लिए एक साथ तीन नागिन आएंगी और इंतकाम लेंगी। अनीता हसनंदानी, तेजस्वी प्रकाश और प्रियंका चाहर चौधरी मिलकर ड्रैगन पर आखिर वार करेंगी। ये प्रोमो देखकर फैंस एपिसोड देखने को बेताब हैं। अनीता और तेजस्वी की एंट्री के साथ फिनाले एफिसोड नोस्टाल्जिक फील देने वाला है।

***अनंता की लौट चुकी है याददाश्त :*** शो में अनंता की याद्दाश्त लौट चुकी है। उसे राधिका की सच्चाई पता चल गई है कि वो ड्रैगन है जो कि नागिनों का सबसे बड़ा दुश्मन है। अनंता को देश बचाना है, सूरी परिवार से अपनों की मौत का बदला लेना है, अनंत कुल को श्राप से मुक्त करना है और राधिका से नागमणि वापस लेनी है। आने वाले एपिसोड में अनंता के सामने खुलासा होगा कि राधिका उसकी सगी बहन है। ड्रैगन और नागिन की भिड़ंत होगी। गुप्त नाग मंदिर में रखा मिस्ट्री स्टैच्यू आखिर किसका है, इसका जवाब मिलेगा।

**शो पहले दिन से ही है सुर्खियों में :** शो पहले दिन से सुर्खियों में है। अनंता के रोल में प्रियंका चाहर चौधरी ने दमदार काम किया है। वो लोगों को इतनी फेवरेट बन चुकी हैं कि नेक्स्ट सीजन में भी जनता की उन्हें ही कास्ट करने की डिमांड है। नमिक पॉल संग उनकी केमिस्ट्री शानदार लगी है। वहीं कनिका मान ने राधिका (ड्रैगन) के रोल में प्रियंका को कड़ी टक्कर दी है।

### 7 जून को है एकता कपूर का जन्मदिन

शो का आखिरी टेलीकास्ट 7 जून को खास मकसद से रखा गया है. इस दिन एकता कपूर का जन्मदिन है। फिनाले से पहले नागिन 7 के एक्टर्स सोशल मीडिया पर बिहाइंड द सीन शेयर कर बज बना रहे हैं। सबकी नजरें क्लाइमैक्स पर टिकी हैं।

# रजनीकांत की 'जेलर 2' में शाहरुख की जगह ले सकते हैं ऋतिक रोशन

**मुंबई।** रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' इस साल के आखिर में रिलीज होने के लिए तैयार है। पहले खबर थी कि इसमें शाहरुख खान का कैमियो होगा, लेकिन फिर जानकारी आई कि अपनी फिल्म 'किंग' की व्यस्तता के चलते उन्होंने 'जेलर 2' से किनारा कर लिया है। इस खबर ने बेशक फैंस का दिल तोड़ दिया, जो रजनीकांत और शाहरुख को एक साथ स्क्रीन पर देखना चाहते थे। अब खबर है कि शाहरुख की जगह एक दूसरा कलाकार ले सकता है।



### ऋतिक से किया गया है संपर्क

रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख के फिल्म से पीछे हटने के बाद, निर्माताओं ने कैमियो के लिए ऋतिक रोशन से संपर्क किया है। अगर सबकुछ ठीक रहा तो यह दूसरा मौका होगा, जब ऋतिक को रजनीकांत के साथ फिल्म में देखा जाएगा। इससे पहले दोनों ने 'भगवान दादा' (1986) में साथ काम किया था। दिलचस्प बात यह है कि उस वक्त ऋतिक महज 12 साल के थे और उन्होंने रजनीकांत के बेटे, गोविंदा दादा का किरदार निभाया था।

### 'जेलर 2' में दिखाई देंगे ये सितारे

'जेलर 2' का पहला भाग साल 2023 में आया था, जो ब्लॉकबस्टर रहा। अब अभिनेता सीक्वल के साथ वापसी कर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान एक बार फिर नेल्सन दिलीप कुमार ने संभाली है। फिल्मफेयर के मुताबिक, निर्माता 11 सितंबर को इसे रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। रजनीकांत के अलावा, 'जेलर 2' में विद्या बालन और मिथुन चक्रवर्ती भी नजर आएंगे। वहीं मोहनलाल और शिव राजकुमार को कैमियो करते हुए देखा जाएगा।

# मुख्यमंत्री विजय थलापति के बेटे जेसनकी पहली निर्देशित फिल्म 'सिग्मा' को मिली रिलीज तारीख

**मुंबई।** तमिलनाडु के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री थलापति विजय (सी जोसेफ विजय) के बेटे जेसन संजय चर्चा में हैं। उनकी पहली निर्देशित फिल्म 'सिग्मा' को रिलीज तारीख मिल गई है, जिसका आधिकारिक तौर पर ऐलान हो गया है। संदीप किशन अभिनीत इस फिल्म के जरिए जेसन निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। तमिल सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक के बेटे होने के नाते, जेसन की फिल्म पर हर किसी की नजरें टिकी हैं।

### जुलाई में सिनेमाघरों में दस्तक देगी

निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म की रिलीज तारीख का ऐलान करते हुए लिखा, 'एक बड़ी जोखिम भरी डकैती शुरू होती है। 'सिग्मा' 31 जुलाई को सिनेमाघरों में धूम मचाने आ रही है। अंतिम खोज के लिए तैयार हो जाइए।' इस ऐलान के बाद से प्रशंसकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। सुबास्करन द्वारा लाइका प्रोडक्शंस बैनर के तहत निर्मित यह फिल्म फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है। निर्माता जल्द ही इसे सेंसर कमेटी के पास भेजेंगे।



### रोमांचक मिशन पर आधारित होगी फिल्म

'सिग्मा' को जेसन ने लिखा और निर्देशित किया है, जिसे एक्शन-एडवेंचर कॉमेडी के रूप में वर्णित किया जा रहा है। फिल्म में चोरी के तत्व भी शामिल हैं। खबरों के मुताबिक, कहानी एक ऐसे व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है जो समाज की अपेक्षाओं को धता बताते हुए छिपे हुए खजानों की खोज में निकल पड़ता है। फिल्म में संदीप के अलावा, फरिया अब्दुल्ला, राजू सुंदरम, अंबु थासन, मगालक्ष्मी सुदर्शनन, योग जापी और संपत राज जैसे सितारे नजर आएंगे।

## फिल्म 5 जून को सिनेमाघरों में हो रही रिलीज

# 'है जवानी तो इश्क...' से पहले वरुण धवन की देखने लायक फिल्में, बंपर हुई थी कमाई


*मुंबई। डेविड धवन द्वारा निर्देशित यह एक रोमांटिक ड्रामा है, जिसमें मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े भी नजर आएंगी। इस फिल्म के जरिए वरुण अपने कॉमिक अंदाज में लौट रहे हैं। दर्शक भी फिल्म से काफी उम्मीदें लगाए बैठे हैं। खैर फिल्म आने में समय है, इसलिए वरुण की पिछली कमाऊ फिल्मों को ओटीटी पर देखने का बिल्कुल सही समय है।*

### 'बॉर्डर 2'

1997 में आई सनी देओल की सुपरहिट फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल जनवरी, 2026 में रिलीज हुआ था। इसमें सनी के अलावा, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी और वरुण भी मुख्य किरदार में हैं। वरुण ने परमवीर चक्र से सम्मानित युद्ध नायक 'मेजर होशियार सिंह दहिया' का किरदार निभाया है। रिलीज से पहले अभिनेता को उनके अभिनय के लिए काफी ट्रोल किया गया था, लेकिन बाद में उन्होंने जनता का दिल जीत लिया। इसने दुनियाभर में करीब 482 करोड़ रुपये कमाए थे।

### 'जुड़वां 2' और 'कुली नंबर 1'

2017 में आई फिल्म 'जुड़वां 2' में वरुण को जैकलीन फर्नांडिस और तापसी पन्नू के साथ इश्क लड़ाते हुए देखा गया था। यह अभिनेता के करियर की सबसे सफल फिल्मों में से एक है, जिसमें रोमांस के साथ कॉमेडी भी बेशुमार है। फिल्म ने करीब 227.59 करोड़ रुपये कमाए थे। वहीं 'कुली नंबर 1' में वरुण के साथ सारा अली खान नजर आई हैं। इसमें भी अभिनेता का कूल और कॉमिक अंदाज दिखा है। इसने 182 करोड़ रुपये कमाए थे।



### 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' और 'एबीसीडी 2'

आलिया भट्ट के साथ आई फिल्म 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 200.45 करोड़ रुपये का शानदार कारोबार किया था। इसमें वरुण और आलिया की केमिस्ट्री लोगों को खूब पसंद आई थी। इसके गाने भी काफी लोकप्रिय हैं। दूसरी ओर, रेमो डिसूज़ा की फिल्म 'एबीसीडी 2' में वरुण ने अपने अभिनय और डांस कौशल से हर किसी को हैरान कर दिया था। उनके साथ श्रद्धा कपूर मुख्य किरदार में हैं। इसने करीब 161.49 करोड़ रुपये का कारोबार किया।

# पांच साल बाद लौटी स्पाइडर-मैन की दुनिया

**मुंबई।** टॉम हॉलैंड, 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' में पीटर पार्कर के रूप में वापसी कर रहे हैं, जो लगभग 5 साल बाद बड़े पर्दे पर आ रही है। टॉम ने बताया कि उन्होंने फिल्म की कहानी गढ़ने में मदद की थी और इसके लिए 'स्पाइडर-प्यूबर्टी' का विचार रखा था। इस विचार में पीटर के जीवन में आने वाले बदलावों और अपनी भावनाओं पर नियंत्रण खोने की मुश्किलों को दिखाया जाना था। हालांकि, यह टैगलाइन फिल्म में इस्तेमाल नहीं हुई, लेकिन इसका विषय फिल्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया। यह फिल्म 31 जुलाई 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में एक साथ 6 भाषाओं में रिलीज होगी, जिनमें अंग्रेजी और हिंदी भी शामिल हैं।



### निदेर्शन किया डेस्टिन क्रेडन ने

टॉम का कहना है कि वह देखना चाहेंगे कि भविष्य में माइल्स मोरालेस या स्पाइडर-ग्वेन स्पाइडर-मैन की कमान संभालें, ठीक वैसे ही जैसे आयरन मैन ने नए नायकों का मार्गदर्शन किया था। इस फिल्म का निर्देशन डेस्टिन डैनियल क्रेडन ने किया है और इसमें जेंडया, जैकब बटालॉन, सैडी सिंक, जॉन बर्थल और मार्क रफालो जैसे कलाकार भी हैं।

## खबर संक्षेप

### शासकीय आईटीआई पुसौर में प्रवेश शुरू

**रायगढ़।** जिले के युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्राप्त करने के उद्देश्य से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई पुसौर में सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए विभिन्न व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। संस्था में व्यवसाय कोपा, विद्युतकार, फिटर, वेल्डर फैब्रिकेशन एंड फिटिंग, मैकेनिक डीजल एवं वेल्डर जैसे रोजगारपरक ट्रेडों में प्रवेश दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं कक्षा उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। साथ ही आवेदक की आयु कम से कम 14 वर्ष होना अनिवार्य है। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।

### शिक्षा महाकुंभ में शामिल होंगी सरायपाली विधायक

**कटेली।** चौहान समाज बरमकेला द्वारा आगामी 7 जून को बरमकेला में आयोजित होने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह एवं करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी कड़ी में समाज के पदाधिकारियों ने सरायपाली विधायक चातुरी नन्द से सौजन्य भेंट कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए औपचारिक आमंत्रण पत्र सौंपा। चौहान समाज द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम केवल सम्मान समारोह नहीं, बल्कि समाज के युवाओं को शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और बेहतर भविष्य की दिशा दिखाने वाला एक महत्वपूर्ण मंच बनने जा रहा है। कार्यक्रम में मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया जाएगा तथा करियर संबंधी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। आमंत्रण सौंपने के दौरान विषिकेशन चौहान ब्लॉक अध्यक्ष, चौहान समाज, गोपाल बाघे कार्यकारी जिलाध्यक्ष, चौहान समाज, संकीर्तन नन्द ब्लॉक सचिव एवं देवराज दीपक उपस्थित रहे। समाज के पदाधिकारियों ने विधायक चातुरी नन्द से कार्यक्रम में उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया, जिस पर विधायक ने कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति व्यक्त की। चौहान समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से समाज को नई दिशा देने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है।

## निधन

### वीरकिशोर देवांगन



**चंद्रपुर।** चंद्रपुर के प्रतिष्ठित समाजसेवी, रामचरितमानस प्रेमी एवं तुलसी मानस मंच समिति के सक्रिय सदस्य वीरकिशोर देवांगन का 30 मई को उपचार के दौरान निधन हो गया। वे लगभग 56 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से हृदय संबंधी बीमारी से पीड़ित थे। धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहने वाले वीरकिशोर के निधन से चंद्रपुर क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके सरल, मिलनसार एवं सेवाभावी व्यक्तित्व को सदैव याद किया जाएगा।

### उद्योग उन्मुख शिक्षा श्रेणी में सम्मानित किया गया

# जिंदल विवि को मिला स्किल-बेस्ड एंड इंडस्ट्री-ड्रिवन एजुकेशन सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कौशल आधारित शिक्षा, उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता और नवाचारपूर्ण पहलों के दम पर ओपी जिंदल विश्वविद्यालय ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त पहचान दर्ज कराई है। प्रतिष्ठित इंडियनप्रेन्योर ईडीएक्स अवॉर्ड्स 2026 में विश्वविद्यालय को वर्ष 2026 का सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय कौशल आधारित एवं उद्योग उन्मुख शिक्षा श्रेणी में सम्मानित किया गया। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि 30 मई को कोलकाता में आयोजित समारोह के दौरान प्राप्त हुई, जहाँ देशभर के शिक्षाविदों, नीति-निर्माताओं और प्रतिष्ठित हस्तियों की प्रभावशाली उपस्थिति रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरडी पाटीदार ने यह सम्मान ग्रहण कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

यह गौरवपूर्ण सम्मान ओपी जिंदल विश्वविद्यालय की कौशल-



आधारित शिक्षा, उच्चस्तरीय अकादमिक गुणवत्ता और नवोन्मेषी शिक्षण पद्धतियों की उत्कृष्ट पहचान है। साथ ही, यह राष्ट्र निर्माण के प्रति विश्वविद्यालय की दृढ़ प्रतिबद्धता और दूरदर्शी सोच को भी उजागर करता है। वर्षों से गुणवत्तापूर्ण एवं समग्र शिक्षा के माध्यम से विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। इस उपलब्धि पर कुलपति डॉ. आरडी पाटीदार ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, "यह सम्मान हमारे पूरे विश्वविद्यालय परिवार की निष्ठा, समर्पण और अथक प्रयासों का प्रतिफल है। यह उपलब्धि हमें शिक्षा के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करने और उत्कृष्टता की ओर निरंतर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने आगे बताया कि ओ.पी. जिंदल विश्वविद्यालय शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रखता, बल्कि विद्यार्थियों को व्यवहारिक, उद्योग-संलग्न और भविष्य-उन्मुख कौशलों से सशक्त बनाने पर विशेष बल देता है।

**ईडीएक्स अवॉर्ड्स 2026 एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मंच है**

उद्योगों के साथ साझेदारी, लाइव प्रोजेक्ट्स, अनुसंधान-आधारित नवाचार और फील्ड एक्सपोजर जैसे प्रयासों के माध्यम से छात्रों को वास्तविक दुनिया से जोड़कर उन्हें आने वाली चुनौतियों के लिए सक्षम और आत्मविश्वासी बनाया जा रहा है। ईडीएक्स अवॉर्ड्स 2026 एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मंच है, जिसे इंडियनप्रेन्योर द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता, नवाचार, गुणवत्ता-संचालित पहल और दूरदर्शी नेतृत्व को पहचान देना एवं प्रोत्साहित करना है। यह मंच उन संस्थानों और शिक्षाविदों को सम्मानित करता है, जो आधुनिक शिक्षा को उद्योग की आवश्यकताओं से जोड़ते हुए भविष्य-उन्मुख शिक्षण का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

# धौराभांठा शिविर में ग्रामीणों ने उठाया विभागीय योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



सुशासन तिहार के तृतीय चरण के अंतर्गत तमनार विकासखंड के ग्राम धौराभांठा में शुक्रवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 18 गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। शिविर के दौरान कुल 1267 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर लोगों को तत्काल राहत प्रदान की गई।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया, जनपद पंचायत तमनार के अध्यक्ष जागेश्वर सिदारए जिला पंचायत सदस्य रमेश बेहरा एवं बंशीधर चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। शिविर में कृषि, मछली पालन, समाज कल्याण, श्रम, खाद्य, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित समूह एवं व्यक्तिगत लाभकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री एवं लाभ वितरित किए गए। विभागीय स्टॉलों पर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों का पंजीयन भी किया गया। स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग द्वारा

- 18 गांवों के लोग शिविर में हुए शामिल, 1267 आवेदन प्राप्त
- हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत किया गया सामग्री का वितरण

निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गयाए जहां ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। इससे दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उनके गांव के निकट ही प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन और जनता के बीच की दूरी को समाप्त कर लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांव गांव तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जनसमस्या निवारण शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध हो रही हैंए जिससे समय और संसाधनों की बचत के साथ लोगों को तत्काल राहत मिल रही है। श्री राठिया ने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह करते हुए कहा कि किसान, मजदूर, महिलाएं, युवा एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

# सीएमएचओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोडम का किया निरीक्षण

**कटेली।** नव पदस्थ सीएमएचओ डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव ने पदभार ग्रहण करते ही मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए मोर्चा संभाल लिया है। इसी कड़ी में उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी गोडम का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. वैष्णव ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, ओपीडी, दवा भंडारण और स्वच्छता व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित डॉक्टरों और स्टाफ को मरीजों को बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के निर्देश



दिए। डॉ. वैष्णव ने स्पष्ट किया कि शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएमएचओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोडम में आयोजित सेक्टर बैठक में भी शामिल हुए। बैठक में उन्होंने एएनएम, मितानिन और अन्य जमीनी स्वास्थ्य कर्मियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों जैसे टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य और मौसमी बीमारियों की रोकथाम को पूरी गंभीरता से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मैदानी कर्मचारी ही विभाग की रीढ़ हैं, इसलिए वे अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें। समीक्षा बैठक के दौरान बीएमओ डॉ. आरएल सिदार और ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर बीपीएम नंदलाल इजारदार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### राधा कृष्ण धर्मादा ट्रस्ट ने दिया आमंत्रण सीएम ने किया स्वीकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

# नवनिर्मित राधा कृष्ण मंदिर का लोकार्पण करेंगे सीएम साय

ट्रस्ट संरक्षकत्रश्री दिलेश्वर राठौर, डोरी लाल राठौर, सुधीर महंत, सचिव खिलावन राठौर, सह सचिव राजेश्वर राठौर अन्य राजू जय प्रकाश राठौर, श्यामू राठौर, मुरारी राठौर, कमलेश साहू, किशोर राठौर साथ में खरसिया छाया विधायक महेश साहू खरसिया राधा कृष्ण मंदिर धर्मदा ट्रस्ट के तत्वाधान में खरसिया नगर में नवनिर्मित भव्य एवं दिव्य राधा कृष्ण मंदिर का लोकार्पण तथा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह आगामी 16 जुलाई को अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल में संपन्न होने जा रहा है।

इस ऐतिहासिक और गौरवशाली धार्मिक उत्सव में छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य



अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। राधा कृष्ण धर्मादा ट्रस्ट के पदाधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार नगर के सुख समृद्धि और सनातन संस्कृति संवर्धन के उद्देश्य से इस मंदिर का निर्माण कराया गया है स 16 जुलाई को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में वैदिक मंत्रोच्चार विधि विधान और महायज्ञ के साथ भगवान राधा कृष्ण की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कर कमलों द्वारा मंदिर का लोकार्पण संपन्न होगा।

**अंचल में उत्साह जुटेंगे हजारों श्रद्धालु भक्तगण**

खरसिया अंचल में इस 'नवनिर्मित मंदिर और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आगमन को लेकर श्रद्धालु भक्तों तथा स्थानीय नागरिकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। ट्रस्ट द्वारा आयोजन को भव्य रूप देने के लिए तैयारियां युद्ध स्तर शुरू कर दी गई है समारोह में प्रदेश के कई वरिष्ठ राजनेता, प्रतिष्ठित साधु संत और सामाजिक संगठन भी गवाह बनेंगे। राधा कृष्ण धर्मादा ट्रस्ट ने खरसिया सहित पूरे रायगढ़ जिले और आसपास के अंचल के समस्त धर्म प्रेमी भाई बहनों माताओं और श्रद्धालु भक्तों से अपील किया है कि वे 16 जुलाई को आयोजित इस महा उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर भगवान राधा कृष्ण का आशीर्वाद ग्रहण करें और इस पावन पुनीत कार्य के साक्षी बने।

# 121 मरीजों की आंखों का निःशुल्क उपचार

**रायगढ़।** जहाँ करुणा बहती है वहाँ अँधेरा ठहर नहीं पाता इसी सूत्र को अघोर गुरुपीठ ट्रस्ट, बनोरा की औघड़ की मड़ई जिगना शाखा सार्थक कर रही है। यह शाखा निःशुल्क नेत्र शिविरों के जरिए लोगों का जीवन रोशन कर रही है। अघोरेश्वर भगवान राम प्राथमिक उपचार केंद्र के अंतर्गत संचालित अघोरेश्वर भगवान राम नेत्र चिकित्सा केंद्र, औघड़ की मड़ई जिगना में शनिवार को आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर में सेवा का नया अध्याय लिखा गया।

शिविर का लेखा.जोखा सहित सेवा की साहित्यिक बही रखने वाले प्रख्यात नेत्र चिकित्सक डॉ. संदीप शर्मा द्वारा कुल 121 मरीजों' की



नेत्र जाँच की गई। 84 मरीजों को तत्काल निःशुल्क चश्मा वितरित कर उनकी दृष्टि का संसार रोशन किया गया। 48 मरीजों को नेत्र सम्बन्धित ड्रॉप प्रदान किया गया। 5 मरीजों में मोतियाबिंद के प्रारंभिक लक्षण मिले, जिन्हें चिकित्सकों ने स्नेहपूर्वक उचित परामर्श देकर मार्गदर्शन किया। 31 मरीजों के चश्मों का नंबर प्रधान कार्यालय अघोर गुरुपीठ ब्रह्मनिष्ठालय, बनोरा में निर्माण हेतु भेजा गया। जिनका वितरण आगामी नेत्र शिविर में किया जाएगा। संस्था द्वारा प्रत्येक माह की 10, 20 और 30 तारीख को औघड़ की मड़ई जिगना में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता हैएताकि कोई भी दृष्टिहीनता के अँधेरे में न भटके।

# कोटवार हत्याकांड का फरार आरोपी गिरफ्तार

**मालखरौदा।** गोरखपाली चर्चित कोटवार हत्या कांड के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में एक आरोपी और दो नाबालिग को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गौरतलब है कि ग्राम गोरखापाली में 4 मार्च की सुबह डबरी तालाब के पास आनंद राम कुर्रे और कोटवार रथ राम गोंड खडे थे। इसी दौरान सुकदेव कुर्रे एवं 2 विधि से संघर्षरत बालक के द्वारा हाथ में लकड़ी का बल्ली, कांड. लेकर आए और पुरानी रंजिश की बात को लेकर आनंद राम कुर्रे के साथ मिलकर कोटवार रथराम गोंड़ को गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। लकड़ी का बल्ली और कांड से हमला करते हुए कोटवार की हत्या कर दी। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण में आरोपी आनंद राम कुर्रे को 8 मार्च को मालखरौदा से गिरफ्तार किया गया। वहीं वारदात में शामिल 2 विधि से संघर्षरत बालकों को भी पकड़कर 9 मई को पकड़ा गया। मामले में एक आरोपी सुकदेव कुर्रे फरार हो गया था। आरोपी को गिरफ्तार करने एसपी ने सख्त निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में आरोपी की सतत पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान 30 मई को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी सुकदेव कुर्रे को ग्राम गोरखापाली में आया है।

# स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर ओपी ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। ओपी चौधरी ने कहा जयोस्तुते हे उषे, प्रभात-किरण-भूषिते, स्वतंत्रते भगवती, त्वामहं यशोयुतां वन्दे! यह मात्र गीत नहीं, सावरकर की आत्मा की पुकार थी। उन्होंने स्वतंत्रता को देवत्व का दर्जा दिया।

वीर सावरकर को क्रांतिकारी, विचारक और समाज सुधारक बताते हुए ओपी चौधरी ने कहा वे अदम्य क्रांतिकारी थे। जिस आयु में युवा अपना भविष्य संवारते हैं, उस आयु में सावरकर ने अभिनव भारत के माध्यम से अंग्रेजी साम्राज्य को चुनौती दी। काला पानी की



अमानवीय यातनाएं भी उनकी राष्ट्रभक्ति को डिगा नहीं सकीं। 11 साल सेल्युलर जेल में कोल्हू चलाते हुए भी वे मेरा आजीवन कारावासष लिख रहे थे। वीर सावरकर की दूरदर्शी विचारक निरूपित करते हुए श्री चौधरी ने कहा 1857 को गदर नहीं, ष्प्रथम स्वातंत्र्य समर कहा था। हिदुत्व की परिभाषा गढ़ते हुए भारत की सांस्कृतिक एकता का सूत्र दिया। वीर सावरकर का स्पष्ट मत रहा कि राष्ट्र की रक्षा के लिए राष्ट्र भक्ति अनिवार्य है। आज भारत में राष्ट्र भक्ति का चिंतन उनके विचारों का ही प्रतिफल है।

# आकाशवाणी के वॉकेथॉन में उमड़ी भीड़ जोश और जुनून का दिखा अनोखा संगम

**रायगढ़।** आकाशवाणी के 90 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रायगढ़ में आयोजित वॉकेथॉन रैली में उत्साह और ऊर्जा का शानदार माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में शहर के बच्चे, युवा, बुजुर्ग और बड़ी संख्या में रेडियो श्रोताओं ने हिस्सा लेकर आयोजन को यादगार बना दिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

चेहरे पर उत्साह, उमंग और आकाशवाणी अमरवाणी के नारे के साथ लोग कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ते नजर आए। पूरे आयोजन में जोश, जुनून और एकजुटता का सुंदर संगम दिखाई दिया। आकाशवाणी के 90 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को समर्पित इस आयोजन का मुख्य ध्येय रेडियो की समृद्ध परंपरा, समाज से उसके गहरे जुड़ाव और जनसंचार में उसकी अहम भूमिका को रेखांकित करना



रहा। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने आकाशवाणी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बदलते दौर में भी रेडियो आज लोगों के दिलों से जुड़ा हुआ है और इसकी अपनी एक अलग पहचान बनी हुई है। रविवार को सुबह 7 बजे आकाशवाणी रायगढ़ परिसर से वाकेथॉन रैली निकली और डिग्री कॉलेज चौक से रोज गार्डन होते हुए परिसर में ही आकर समाप्त हुई। आयोजन का उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली, सामाजिक जागरूकता एवं जनसंपर्क को बढ़ावा देना था। इस संबंध में आकाशवाणी रायगढ़ के कार्यक्रम प्रमुख रवि आनंद ने बताया कि कार्यक्रम में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता निभाई। इसमें मुख्य रुप से आकाशवाणी के पूर्व और वर्तमान अधिकारी कर्मचारी, विभिन्न कार्यक्रमों से जुड़े एनाउंसर, कंपीयर, वार्ताकार और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। रैली के बाद आकाशवाणी परिसर में स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर चर्चा परिचर्चा हुई। आकाशवाणी एट 90 कार्यक्रम बीते जून 2025 से शुरु हुआ था जो अब जाकर उसका सफर पूरा हुआ है।

**35 लोगों ने कराई स्वास्थ्य की जांच**

रैली में विशेष यह रहा कि करीब 35 लोगों ने अपनी सेहत की जांच कराई। 25 से अधिक लोगों का ब्लड सैंपल लिया गया है। इसमें सीबीसी से लेकर थायराइड तक की जांच शामिल है। जांच कराने वालों को रिपोर्ट उनके मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी। अधिकांश लोगों को मौके पर ही अलग अलग बीमारी के लिए दवा भी दी गई। कुल मिलाकर रैली के साथ ही साथ आकाशवाणी परिसर में लगे स्वास्थ्य शिविर ने भी इस कार्यक्रम को सहयोग प्रदान किया।

# भाजयुमों और संगठन पदाधिकारियों की बैठक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय

**पुसौर।** पुसौर भाजपा मंडल में यहां के युवा मोर्चा अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में भाजपा संगठन के पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकताओं का बैठक संपन्न हुआ। जिसमें मुख्यतः केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की चर्चा हुई वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनने के लिये बूथ लेबल पर व्यवस्था करने पर जोर डाला गया।

ज्ञात हो कि उक्त संयुक्त बैठक परिणाम दायक रहा चूंकि इसमें जनता से सीधे चुने हुए जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य ब्रजेश गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता, अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, नगर उपाध्यक्ष उमेश साव, पूर्व उपाध्यक्ष अभिमन्यु साहू आदि रहे। संगठन में अविनाश गुप्ता अध्यक्ष भाजयुमो मण्डल पुसौर जिला महामंत्री उमाशंकर शर्मा, मनोरंजन साहू




पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष, शशांक पाण्डेय प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो छत्तीसगढ़, रजत गुप्ता जिला मंत्री, आदरणीय अंकित शर्मा जिला मंत्री प्रशांत सिंह उपाध्यक्ष भाजयुमो ओंकार तिवारी मंत्री भाजयुमो आकाश शर्मा प्रवक्ता भाजयुमो डिग्री लाल पाईंक महामंत्री विजय गुप्ता, महामंत्री दीपेंद्र प्रधान, मधुसूदन सा शिक्षित चौहान जिसमें एक उत्साह का संचार हुआ है जो संगठन को आगे बढ़ाने में मददगार साबित हो सकेगा।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह मई 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 15 दिन | 4.00 | 60.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 31 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह मई 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 जून 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त